एक नजर में

## सांदीपनि शा .विद्यालय में लैपटॉप राशि वितरण



**घट्टिया।** सांदीपनि शासकीय विद्यालय घट्टिया में शनिवार को 27 विधार्थियो को लैपटॉप की राशि वितरण समारोह आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। विधार्थियो को डमी चेक वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अथिति जसवंत सिंह उमठ थे। अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष डॉ . भगवान सिंह पंवार ने की । विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह सोलंकी, सरपंच यशवंत मालवीय व विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्यामलाल सतीजा थे। मां सरस्वती की पूजन अर्चन के साथ कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। अतिथियों का स्वागत सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य सुनील नामदेव, मॉडल स्कूल प्रभारी जय गोयल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभावान विद्यार्थियों के अभिभावक एवं शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। संचालन सुनील कुमावत व आभार आशीष दवे ने माना।

## पांच दिवसीय शिव कथा प्रारम्भ

**घट्टिया।** औदिच्य ब्राह्मण धर्मशाला में शनिवार से पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा प्रारंभ हुई। कथा व्यास पंडित सन्तोष व्यास जलवा वाले ने प्रथम दिवस की कथा सुनाते हुए शिव और शक्ति के सामंजस्य का वर्णन करते हुए शिव कथा का महत्व बताया। आरती का लाभ रमेश चंद्र शर्मा, जगदीश नारायण त्रिवेदी, भारतीय किसान यूनियन जिला अध्यक्ष भगवानसिंह राजपूत, नरेंद्र सिंह डोडिया कलेसर, सत्यनारायण त्रिवेदी, हीरालाल बागवान, धर्मशाला अध्यक्ष शेषनारायण शर्मा आदि ने लिया।



## वैज्ञानिक युवा विद्वान डॉ .जैन करेंगे सम्बोधित

**उज्जैन।** जैन धर्म के शाश्वत महापर्व अष्टाहनिका के पावन अवसर पर श्री सीमंधर दिगंबर जैन मंदिर क्षीरसागर पर आज रविवार दोपहर 3 से 4 बजे तक विशेष धर्म सभा आयोजित की जाएगी। जिसमे भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक युवा विद्वान डॉ . सोनू जैन जैन वैज्ञानिक दृष्टिकोण विषय पर सम्बोधित करेंगे। भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक युवा विद्वान डॉक्टर सोनू जैन पधारे है। सोनू जैन ने विज्ञान के विषय के साथ भारत के 8 विभिन्न विश्वविद्यालयों से संस्कृत ओर प्राकृत में जैन ग्रंथो का अध्ययन किया ओर विगत 18 वर्षो से अपने प्रवचनों के माध्यम से जिन धर्म ओर वैज्ञानिक दृष्टिकोण विषय में अध्यापन करवा रहे है। जम्बू जैन धवल ने बताया की वर्तमान में आप भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग इसरो दिल्ली में उप निदेशक के पद पर अपनी सेवा दे रहे है। उज्जैन में आप का प्रवास 10 जुलाई तक है। इस दौरान नियमित सुबह 9 से 10 ओर सायंकाल 8 .30 से 9 .30 तक प्रवचन चल रहे है। मंदिर ट्रस्ट ने आज होने वाली धर्मसभा में सभी उज्जैनवासियो से पधार कर धर्म लाभ लेने का अनुरोध किया है।



## मध्यप्रदेश लेखक संघ की लोकभाषा काव्य गोष्ठी आज

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश लेखक संघ, उज्जैन इकाई द्वारा संघ के सदस्यों के लिए लोकभाषा (एवं अन्य) काव्य गोष्ठी का आयोजन आज रविवार 6 जुलाई सायं 5 .30 बजे प्रेस क्लब, कोठी रोड में किया जा रहा है। मध्यप्रदेश लेखक संघ के सचिव डॉ . हरीशकुमार सिंह ने बताया कि काव्य गोष्ठी के मुख्य अतिथि प्रो . नागेश्वर राव पूर्व कुलपति इग्नू होंगे। अध्यक्षता प्रो . हरिमोहन बुधौलिया अध्यक्ष, म .प्र . लेखक संघ, उज्जैन करेंगे। विशेष अतिथि प्रो . शिव चौरसिया, प्रख्यात मालवी साहित्यकार एवं विशिष्ट अतिथि डॉ . श्रीकृष्ण जोशी प्रख्यात साहित्यकार एवं चित्रकार होंगे। सूत्र संयोजन डॉ . पांखुरी जोशी वक्त करेंगी।

## सेवा कार्य करने हेतु लिया संकल्प



**उज्जैन।** लायंस क्लब उज्जैन फ्रेंड्स की कार्यकारिणी गठित हुई जिसमें वर्ष 2025–26 के लिए विनोद लुल्ला को अध्यक्ष, राजकुमार सोनी को सचिव, प्रवीण कस्बे को कोषाध्यक्ष एवं दीपक शर्मा, योगेश बजाज को वीपी 1 एवं 2 के पद पर सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। समस्त पदाधिकारियों द्वारा शहर में सेवा कार्य करने हेतु संकल्प लिया गया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रवीण वशिष्ठ, रीजन पर्सन प्रदीप यादव, रीजन सचिव देव आशीष रॉय, जोन पर्सन संजय शाह, पूर्व गवर्नर ला डॉ . अजय गुप्ता, बलबीर साहनी, संजय जैन, विजय टेलर, अनिल जैन एवं लायंस ऑफ उज्जैन के समस्त पदाधिकारियों ने निर्वाचित सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## सर्राफ एसोसिएशन के निर्वाचन निर्विरोध संपन्न



**उज्जैन।** उज्जैन नगर के सबसे प्राचीन एवं व्यस्ततम व्यापारिक क्षेत्र स्थित सोना–चांदी व्यापारियों के संगठन सर्राफ एसोसिएशन पटनी बाजार उज्जैन के चुनाव पारिवारिक माहौल में निर्विरोध रूप से संपन्न हुए। पूर्व अध्यक्ष एवं संस्था संरक्षक अशोक जड़िया ने बताया कि बैठक में वरिष्ठ पदाधिकारियों के विचार उपरांत बनी सहमति के आधार पर नई टीम के अध्यक्ष शिवनारायण सोनी, सचिव घनश्याम गुप्ता, उपाध्यक्षद्वय परेश नीमा एवं जितेंद्र पारिख, सहसचिवद्वय आनंद गर्ग एवं राजेश (पप्पू) पटनी के साथ कोषाध्यक्ष पद पर मनोज सरायवाला को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों में सर्व रमेश कोठारी, धर्मेंद्र टकसाली, राजेश नागर, विजय कौशिक, राहुल सर्राफ, अतीन जड़िया एवं जीतेश नीमा निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। बैठक में संस्था संरक्षकगण प्रकाश सोनी एवं प्रह्लाद नीमा विशेष रूप से उपस्थित रहे। अधिकृत घोषणा के बाद सर्राफ यूथ फेडरेशन के पदाधिकारियों सहित क्षेत्रीय व्यापारियों ने नव निर्वाचित कार्यकारिणी का ढोल धमाके के साथ फूलमालाओं से स्वागत सम्मान किया।

## नृत्य नाद गुरुपूर्णिमा महोत्सव, संस्कृति में समर्पण की झलक

**उज्जैन।** वेणुनाद निनाद नृत्य संस्थान एवं सम्राट विक्रम विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित नृत्य नाद गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत भिन्न–भिन्न विधा में नृत्य कला का प्रदर्शन विभिन्न स्कूल छात्राओं द्वारा किया गया। अक्षत इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई एवं द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं माता–पिता का नाम रोशन किया। विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी मुख्य अतिथि डीआईजी नवनीत भसीन एवं विशेष अतिथि पुरातत्व विद डॉक्टर रमन सोलंकी द्वारा विश्वविध्यालय कुलपति डॉ . अर्पण भारद्वाज, कार्यक्रम संयोजक राजेश सिंह कुशवाह एवं निनाद अकादमी की निदेशिका पलक पटवर्धन की उपस्थिति में प्रदान किया गया। इस अवसर पर नृत्य गुरु मौसमी साहा का भी सम्मान किया गया। विद्यालय प्रमुख आनंद पंडया द्वरा विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर अत्यंत हर्ष व्यक्त किया।

# जाति प्रमाण पत्र में देरी होने पर शिक्षक को पीटा

**महिदपुर। जब से आधार से लिंक और ई–केवाईसी बनाने के निर्देश मिले हैं। तब से विवादों का सिलसिला निरंतर बन रहा है। वहीं ई–केवाईसी और जाति प्रमाण पत्र को लेकर विवाद ज्यादा सामने आ रहे हैं। ऐसा ही मामला झारडा थाना के रणायरापीर में सामने आया है। जहां पर भीड़ अधिक होने के चलते एक शिक्षक को जाति प्रमाण पत्र बनवाने आए शख्स ने चांटा झाड दिया जिसको लेकर शिक्षक ने मामले की शिकायत संबंधित थाना में कर दी।**

मामला शासकीय प्राथमिक विद्यालय, रणायरापीर, झारडा का है। जहां पर जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अज्ञात व्यक्ति द्वारा अभद्रता की गई। जिसमें फरियादी जगदीशचन्द्र परमार पिता रघुनाथ परमार उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम हिंगोरिया तहसील गरोठ जिला मंदसौर हाल मुकाम ग्राम रणायरापीर थाना झारडा ने थाने में रिपोर्ट किया कि मैं ग्राम रणायरापीर में शासकीय प्राथमिक विद्यालय पर प्राधानध्यापक प्रभारी के पद पदस्थ हूं। मेरे अधीन विद्यालय में मेरे अलावा रेखा दुबे, शारदा चौहान, राजेश्वरी रांगोठा भी शिक्षिकाएं है। 4 जुलाई को सुबह करीबन 11.00 बजे मैं विद्यालय में शासकीय कार्य कर रहा था उसी समय गोवर्धन सिंह सौंधिया निवासी रणायरापीर का शासकीय प्राथमिक विद्यालय आया जो उसके रिश्तेदार के बच्चो लोकेन्द्र और जशोदा जो कक्षा 04 में पढते हैं उनके बैंक खाता अपडेट कराने आय का सुघोषित प्रमाण पत्र लेकर आया था। उस समय अन्य छात्रों के खाता अपडेट कराने के काम में व्यस्त रहने के कारण मेरे द्वारा उसको बैठने का बोला गया तो गोवर्धन सिंह , सुरजसिंह,के द्वारा विद्यालय परिसर में ही मुझे गाली गलौज कर थप्पडों से मारपीट की गई। पूरी घटना विद्यालय में मौजूद अन्य शिक्षिकाओं रेखा दुबे, शारदा चौहान, राजेश्वरी रांगोठा एवं स्थानीय निवासी मांगूसिंह पिता कालूसिंह सौंधिया ने देखी है।




## महाविद्यालय माकड़ौन में हुई जनभागीदारी समिति बैठक




**माकड़ोन। शासकीय महाविद्यालय माकड़ोन में जनभागीदारी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष डॉ. केपी झाला द्वारा की गई। बैठक में महाविद्यालय से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार–विमर्श हुआ।**

जनभागीदारी समिति संयोजक डॉ. प्रवीण सोनी ने अतिथि वक्तव्य प्रस्तुत किया एवं महाविद्यालय परिवार ने झाला का पगड़ी व उत्तरीय पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अनिल दीक्षित एवं स्पोर्ट ऑफिसर डॉ नमन सारस्वत जी भी उपस्थित थे।

बैठक का मुख्य विषय महाविद्यालय के लिए नवीन भवन की उपलब्धता रहा। इस संदर्भ में झाला ने आश्वस्त किया कि महाविद्यालय की भवन–निर्माण प्रक्रिया को शीघ्र गति दी जाएगी तथा जल्द ही महाविद्यालय को उसकी स्थायी बिल्डिंग उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने भवन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज़ों, प्रक्रिया और शासन स्तर पर की जा रही कार्यवाहियों की जानकारी भी साझा की।

बैठक में अन्य विषयों के साथ–साथ शैक्षणिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों की सुविधा, संसाधनों की उपलब्धता, और महाविद्यालय के समग्र विकास को लेकर भी चर्चा की गई, जिसमें समस्त स्टाफ ने अपने विचार भी साझा किए। अंत में समिति ने सर्वसम्मति से यह संकल्प लिया कि सभी संबंधित पक्ष मिलकर महाविद्यालय की बेहतरी के लिए आवश्यक कदम उठाते रहेंगे।




## एक पेड़ मां के नाम, कालेज में पौधारोपण

**घट्टिया।** स्वर्गीय नागूलाल मालवीय शासकीय महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया । युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत एवं मार्गदर्शन करने वाले स्वामी विवेकानन्द जी की पुण्यतिथि पर पौधारोपण का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को महाविद्यालय प्राचार्य ने स्वामी जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनसे बहुत कुछ सिखने एवं प्रेरणा लेने की बात कही । साथ ही विद्यार्थियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया आभियान एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

## बाल आयोग पहुंचा सेवाधाम



**उज्जैन।** मानव सेवातीर्थ अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम में मध्यप्रदेश राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य औंकार सिंह एवं निवेदिता शर्मा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों के साथ रात्रि में अचानक पहुंचकर आश्रम द्वारा संचालित श्रीरामकृष्ण बालगृह एवं मां शारदा बालिका गृह का अवलोकन कर विशेष बच्चों से मुलाकात एवं उनकी जानकारी प्राप्त कर बातचीत की। आश्रम संस्थापक सुधीर भाई ने आश्रम में संचालित विभिन्न सेवा गतिविधियों, व्यवस्थाओं सहित आवासीय सुविधाएं, फिजीयोथैरेपी सेंटर, दिव्यांग बच्चों हेतु नवीन आवासीय और विद्यालय भवन, चिकित्सकीय सुविधाऐं सहित विभिन्न प्रकल्पों का अवलोकन कराया। आयोग के सदस्यगण तीन घण्टे से अधिक समय आश्रम में रहे। निवेदिता शर्मा ने पूर्व में एक दिव्यांग बालिका को सेवाधाम भेजा था उनसे मिलकर दोनों भावुक हो गए। आयोग के सदस्य औंकार सिंह ने कहा कि हम रात्रि में अचानक पहुंचे एवं सेवाधाम परिसर में समस्त भवनों में निवासरत बालक एवं बालिकाओं से मुलाकात और उनके सम्बंध में जानकारी ली। उनके स्वास्थ से सम्बंधित जानकारी लेकर परिसर में बच्चों के लिए पेरामेडिकल टीक सक्रिय मिली। सभी भवनों में साफ सफाई के साथ स्वच्छता का ध्यान रखा पाया। परिसर में पर्यावरण को ध्यान में रखकर हरे वृक्ष लगाकर हरियाली है, बच्चों के देखभाल के लिए केयर टेकर सक्रिय थे, गृह की व्यवस्था से संतुष्ट है। इस अवसर पर सद्गुरु स्वाध्याय मंदिर में सद्गुरुदेव के समक्ष विकास दीप प्रज्जवलित कर मंगल तिलक, दुपट्टा व मालवी पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। आश्रम के विशेष बच्चों द्वारा बनाई गौ गव्य से हस्तशिल्प भेंट की।

## लघुवेतन कर्मचारी संघ प्रांतीय अध्यक्ष को बताई कर्मचारियों की समस्याएं



**उज्जैन। मध्यप्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा से उज्जैन जिलाध्यक्ष हेमराज घावरी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल ने भोपाल में भेंट की तथा आदिम जाती कल्याण विभाग के कर्मचारियों एवं अन्य कर्मचारियों की समस्याओ से अवगत कराते हुये ज्ञापन दिया गया।**

इस दौरान कार्यभारित आकस्मिकता के कर्मचारियों का नगदी करण, कलेक्टर द्वारा परामर्श दात्री की बैठक, अंशकालीन कर्मचारियों का स्थाई से नियमित करना, अंशकालीन कर्मचारियों का वेतन समय पर नहीं मिलना, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी बनाना सहित अन्य मांगो को लेकर ज्ञापन दिया गया।

इस दौरान उज्जैन इंजीनियरिंग कालेज के प्राचार्य की कूटनीति के बारे मे प्रांतीय अध्यक्ष को बताया गया। प्रांतीय अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि सभी कर्मचारियों की समस्याओ का बहुत जल्दी निराकरण करवा दिया जायेगा और कूटनीति करने वाले प्राचार्य पर जल्दी कार्यवाही की जायेगी।

उल्लेखनीय है कि उज्जैन इंजीनियरिंग कालेज के प्राचार्य जे.के. श्रीवास्तव ने पांच दिन के अन्दर आउट सोर्स कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन और एरियर राशि व बोनस, पी. एफ. अन्य मांगो को पूर्ण करने को कहा गया था लेकिन आज तक एक भी मांग पुरी नहीं की गई है।

इंजीनियरिंग कालेज परिसर मे चतुर्थ श्रेणी के आवास रिक्त पड़े हुये थे जो कोई काम के नहीं थे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने प्राचार्य से मौखिक बात करके रिक्त आवासो की चाबी ली गई थी और आवासो मे कर्मचारियों द्वारा रिपेरिंग किये गये रिपेरिंग का खर्च 15 से 20 हजार रु लगाने के बाद उन आवासो का उपयोग कर रहे है लेकिन प्राचार्य की द्वेषता की भावना से आवासो को खाली करने के लिये कहा गया है यह गलत है। कर्मचारियों ने कहा कि वे अपने पद का दुरूपयोग न करें। इस अवसर पर उपस्थित हेमराज घावरी उज्जैन जिला अध्यक्ष, मुकेश रायकवार उज्जैन जिला सचिव, ज्ञानेंद्र पाण्डेय प्रांतीय सचिव सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी रवि चौहान ने दी।

उज्जैन इंजीनियरिंग कालेज के आउट सोर्स कर्मचारी 2024 से मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा उज्जैन मे सम्मिलित हुये है जो वार्षिक सदस्यता शुल्क 100 रु जमा की गई है नाम की लिस्ट अंकित है ऐसे अन्य नियमित कर्मचारियों की भी लिस्ट अंकित है एवं उज्जैन जिले से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सदस्यता शुल्क प्रांतीय कार्यालय भोपाल मे जमा की गई है।



## 10 जुलाई से 4 अगस्त तक मनाएंगे श्रावण एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**उज्जैन। महाकाल नगरी उज्जैन में श्री श्री 1008 वरिष्ठ महामण्डलेश्वर स्वामी प्रेमानंद पुरीजी महाराज पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के सानिध्य में 10 जुलाई से 4 अगस्त तक श्रावण महोत्सव एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा।**

श्रावण महोत्सव व्यवस्था प्रमुख महंत आदित्य पुरी महाराज (राजा भैया) एवं सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि महोत्सव में महामृत्युंजय महाकाल अर्जीवाले हनुमान मंदिर प्रांगण बड़नगर रोड़ पर महारूद्राभिषेक एवं सत्संग प्रवचन 10 जुलाई से 4 अगस्त तक प्रातः 10 बजे से एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव में 10 जुलाई गुरुवार को प्रातः 9 बजे से नामदान एवं गुरुमंत्र दीक्षा, सत्संग प्रवचन प्रातः 10 बजे से होंगे तदउपरांत भोजन प्रसादी का आयोजन होगा।

नागपंचमी पर विशेष कालसर्प दोष पूजन 29 जुलाई को प्रातः 8 बजे से महामृत्युंजय महाकाल अर्जीवाले हनुमान मंदिर प्रांगण बड़नगर रोड़ पर होगा। श्रावण मास में मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाली, मुक्ति, भक्ति, मोक्ष एवं संसार रूपी भवसागर से पार कराने वाली श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का आयोजन 25 जुलाई से 31 जुलाई तक दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक नक्षत्र होटल, सेन्टपॉल स्कूल के पास होगा। जिसके मुख्य यजमान अग्रवाल परिवार होंगे वहीं 7 दिनों तक भक्तों को स्वामी प्रेमानंद पुरीजी महाराज कथा का रसपान कराएंगे।

जागरूकता

### विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलगुरू प्रो अर्पण भारद्वाज की घोषणा–विक्रम विश्वविद्यालय में

## उज्जैन दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश में शीर्ष पर पहुंचेगा–निगम सभापति

**उज्जैन। जिस प्रकार इंदौर ने स्वच्छता में पहला स्थान प्राप्त किया है, उसी प्रकार उज्जैन, दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश में शीर्ष पर पहुंचेगा,मालवा क्षेत्र पारंपरिक रूप से पशुपालन और दुग्ध उत्पादन में अग्रणी रहा है। एक ओर जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन की सफलता का उल्लेख होता है और बच्चों में भी आज स्वच्छता के प्रति जागरूकता आई है, उसी तरह डेयरी सेक्टर में भी सजगता आवश्यक है।**

नगर निगम उज्जैन की सभापति श्रीमती कलावती यादव ने इंडियन डेयरी एसोसिएशन पश्चिम क्षेत्र एवं विक्रम विश्व विद्यालय, उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में मध्य प्रदेश में डेयरी विकासः संभावनाएं एवं चुनौतियां विषय पर विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती सभागार में आयोजित पश्चिम क्षेत्रीय दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए उपरोक्त उद्गार व्यक्त किये। यह आयोजन 44 वर्षों बाद किया गया, इसमें पश्चिम क्षेत्र के 5 राज्यों की भागीदारी रही। संगोष्ठी में देशभर के दुग्ध उत्पादकों के साथ कंपनियों,मैनेजमेंट के अलावा तकनीकी क्षेत्रों के विशेषज्ञों की सहभागिता रही।

समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि मुख्यमंत्री की परिकल्पना है कि मध्यप्रदेश डेयरी उत्पादन में देश में अग्रणी बने। उन्होंने आंकड़ों के साथ बताया कि आने वाले पांच वर्षों में राज्य को 25 से 30 हजार डेयरी टेक्नोलॉजिस्ट्स की आवश्यकता होगी। उन्होंने यह घोषणा भी की कि विक्रम विश्वविद्यालय में जल्द ही डेयरी टेक्नोलॉजी से जुड़े कोर्स शुरू किए जाएंगे, जो प्रदेश के युवाओं के लिए नए अवसर लेकर आएंगे। प्रो. भारद्वाज ने बताया कि यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री की विशेष रुचि का विषय है और दो दिवसीय इस संगोष्ठी में बड़ी संख्या में लोगों ने भागीदारी की।




विशिष्ट अतिथि के रूप में इंडियन डेयरी एसोसिएशन पश्चिम क्षेत्र के अध्यक्ष डॉ. जेपी प्रजापति, सचिव जेआर दारूवाला, माधव पड़गावकर, डॉ. एसएन शर्मा, सहित अतिथि मंचासीन रहे। समारोह के प्रारंभ में दो दिवसीय संगोष्ठी की रूपरेखा माधव पड़गावकर ने प्रस्तुत करते हुए किया बताया कि डेयरी क्षेत्र में तकनीकी निवेश और स्थानीय डेयरी प्लांट्स की स्थापना से मालवा अंचल की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिल सकती है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों का स्वागत कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज द्वारा शॉल, महाकाल शिखर चिन्ह और पदक प्रदान कर किया गया। डेयरी क्षेत्र में योगदान दे रहे स्थानीय उत्पादकों का श्री जे.आर. दारूवाला ने शिखर पदक एवं साफा पहनाकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम के आयोजन में अहम भूमिका निभाने वाले डॉ. एसएन शर्मा, डॉ. मुकेश वाणी और श्री दारूवाला का भी मंच से सम्मान किया गया। अंत में कार्यक्रम का औपचारिक आभार प्रदर्शन डॉ जे.बी. प्रजापति ने किया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

डॉ जे.बी. प्रजापति, चेयरमैन, इंडियन डेयरी एसोसिएशन ने सबसे पहले भगवान श्रीकृष्ण का आभार व्यक्त किया और अपने संबोधन में डॉ. प्रजापति ने कहा कि भगवद्गीता में दूध को अमृत कहा गया है। गाय का दूध वास्तव में अमृत समान है। उन्होंने चिंता जताई कि आजकल बादाम और सोयाबीन जैसे पौधों से तैयार किए गए व्हाइट पाउडर को दूध के विकल्प के रूप में पेश किया जा रहा है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग दूध नहीं पीते, उनके मस्तिष्क का विकास धीमी गति से होता है। कैल्शियम टैबलेट भी दूध के साथ लेने पर अधिक लाभकारी होता है। हमारी बॉडी जानती है कि दूध हमारे बचपन का मित्र है। कार्यक्रम के समापन पर सभी वक्ताओं का सम्मान डॉ. जीवन सिंह सोलंकी द्वारा किया गया। इस टेक्निकल सेशन के चेयरमैन शायजू सिद्धार्थन (वाइस चेयरमैन, आईडीए), को–चेयरमैन जे.आर. दारूवाला आईडीए इंदौर), और प्रतिवेदक सुश्री भोसले (शिक्षिका, विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन डॉ. प्रीति पांडे ने किया।